हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 सितंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 115 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. राठौर ने...




07 शहर की सड़कों पर जैन समाज का जलसा निकला



राष्ट्र संत निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ५५वें दीक्षा दिवस पर विशेष


"श्रेष्ठ साधक संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागरजी महाराज"



महाश्रमण आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज एक ऐसा विराट व्यक्तित्व जिनसे श्रमण संस्कृति की आभा दमक रही है ऐसे युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागरजी महाराज ने आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज से 30 जून, 1968 में अजमेर में मुनि दीक्षा ली। उन्हें आचार्य पद आचार्य ज्ञानसागरजी ने 22 नवम्बर, 1972 में दिया। चरित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर महाराज के उपदेशामृत ने बचपन में विरक्ति के बीज बोए और आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत आचार्यश्री देशभूषण जी महाराज से ग्रहण किया। आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज से शिक्षा और दीक्षा प्राप्त की। आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को जहां प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, मराठी, हिन्दी, कन्नड़ तथा अंग्रेजी आदि अनेक भाषाओं में प्रकाण्ड पाण्डित्य प्राप्त है, वहीं दर्शन, इतिहास, संस्कृति व्याकरण, साहित्य मनोविज्ञान और योग आदि विधाओं में भी अनुपम वैदुष्य उपलब्ध है। आपमें आशु-कवित्व तथापि प्रायुत्पन्न अत्यंत प्रशष्य गुण है। आपने भव्य जीवों के आत्मकल्याण हेतु अनेक ग्रन्थों का प्रणयन किया है। आपके द्वारा लिखिक मूक माटी (महाकाव्य) आज देशभर में विद्वत्समाज और साहित्यकारों के बीच बहुचर्चित है। इसके अतिरिक्त चेतना के गहराव में (सचित्र प्रतिनिधि काव्य संकलन) तथा नर्मदा का नरम कंकर, डूबो मत/लगाओ डुबकी, तोता क्यों रोता? काव्य संग्रह भी हैं। संस्कृत में श्रमणशकतकम्, निरंजनशकतम्, भावनाशंकतम्, परीषहजयशतकम् और सुनीतिशकतम् और शारदा-स्तुति सृजित की है एवं इन्हीं पांच शतकों का हिन्दी पद्यानुवाद तथा राष्ट्रभाषा में अनुवाद किया गया है इनके अतिरिक्त आपने समयसार, प्रवचनसार, नियमसार, द्वादशानुप्रेक्षा, पंचास्तिकाय, अष्टापाहुड, रत्नकरण्डक, श्रावकचार, समणसुत, देवागम- स्त्रोत, स्वयंभूस्त्रोत, इष्टोपदेश, समाधितंत्र, नंदीश्वरभक्ति, द्रव्यसंग्रह, समयसार-कलश तथा गोमटेश-शुद्धि आदि का सरल एवं सुबोध पद्यानुवाद भी किया है। लगभग 25 प्रवचन संग्रहों के अतिरिक्त अनेक स्फुट काव्य संस्कृत, हिन्दी, प्राकृत, अंग्रेजी तथा कन्नड़ आदि भाषाओं में लिखे हैं। आपके जीवन पर 25 से अधिक सौध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं आपके द्वारा अभी तक लगभग 425 से अधिक मुनि-आर्यिका, ऐलक एवं क्षुल्लक साधु जन दीक्षित हैं। आचार्यश्री न केवल तपस्वी हैं, बल्कि दार्शनिक एवं समाज सुधारक भी हैं। शिक्षा, स्त्री शिक्षा, पशु कल्याण तथा पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी प्रेरणा से कितनी ही परियोजनाएं चल रही हैं। जबलपुर (मध्यप्रदेश) स्थित प्रतिभा स्थली स्त्री शिक्षा का एक अग्रणी संस्थान है या यूं कहें एवं आन्दोलन है। ज्ञातव्य हो ज्ञानपीठ पुरस्कार संज्ञक भारतीय साहित्य का श्रेष्ठ पुरस्कार प्रदाता भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली द्वारा मूकमाटी महाकाव्य का हिन्दी व उसके मराठी, बंगला, कन्नड़ अनुवादों के प्रकाशन उपरान्त अंग्रेजी भाषा में अनुवादित मूकमाटी ति द सायलेंट अर्थ का भी प्रकाशन किया गया है।

प्रस्तुतकर्ता 'ममता अशोक सेठी कलकत्ता

तीर्थ उद्धारक तीर्थ चक्रवर्ती राष्ट्रसंत श्री 108 सुधासागर जी महाराज



भारतीय वसुंधरा पर संत महा पुरुषो का आगमन होता है ये आर्यावर्त की भूमि तीर्थंकरो के लिए है यह भूमि रत्न गर्भणी हैं ये भूमि जहाँ रत्न उगलती हैं वही चेतन्य रत्न का उदय होता रहता है जो अपनी आभा से जगत को प्रकाशित करते हैं ऐसे महान चौतन्य रत्न परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महा मुनिराज की जीवन झाँकी ओर चले हम मध्य प्रदेश के सागर सम्भाग के निकट विध्यगिरि की सुरम्य पहाडियों के बीच स्थित एक हरे-भरे उद्यान के समीप स्थित अतिशय क्षेत्र ईशरवारा तीर्थ क्षेत्र है तीर्थ के पर्वत भगवान श्री शान्तिनाथ, कुंथनाथ और अरहनाथ ही 9-9 फिट उतंग अतिशयकारी प्रतिमाएं विराजमान तथा पहाड़ी की तलहटी में ईशरवारा में सन् 1958 में मोक्ष सप्तमी के दिन प्रमुदित करने वाला सूर्योदय हुआ। अर्थात एक बालक का जन्म हुआ जिसका नाम जयकुमार रखा गया। सारा परिवार एवं ग्राम खुशहाली से झूम उठा तथा रिश्तेदार ग्रामवासियों की बधाईयां आने लगीं बालक का नाम जयकुमार रखा, बालक जयकुमार माता-पिता के दुलार से प्यारा की छाया में बढ़ता बचपन से ही मन्दिर जाने के स्संकार एक दिन एक तेज तरार दादाजी बालक जय से अभिषेक करने को उन्होंने पार्श्वनाथ जी के फड़ सहित अभिषेक कर दिया तो बाबा नराज लगे तब जय बोले ऊपर के फड़ को छोड़ देगे और ये नीचे सांप बना उसका क्या यह सुन अवाक रह गये। बालक किशोर एवं कुमार को प्राप्त हुआ एवं लौकिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से प्रतिभासित होता हुआ। सागर विश्वविद्यालय बी.कॉम की डिग्री हासिल कर किन्तु लौकिक शिक्षा मात्र से तृप्ति मिलती है, परिणाम स्वरूप अध्यात्म रूपी शोध की खोज करता हुआ सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर पहुंचा और वहां एक गौर वर्ण वाले नग्न साधु आचार्य श्री विद्यासागरजी को देखा इन्हें देखकर आध्यात्मिक शोध का अपना निर्देशक मन ही मन बना लिया एवं इस प्रकार कई बार जयकुमार कई जगह अपने निर्देशक से मौन-निर्देशन लेते रहे व ब्राह्मचारी व्रत ग्रहण किया। हैं महाराज अभी तक आपके पास सफेद की बाल वाले आते थे, लेकिन इस बार काले बाल वाले आए हैं, तब आचार्यश्री मुस्कराते हुए बोले कि सफेद बाल वाले आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन काले बाल वाले वापिस पर नहीं जाते। बस फिर क्या था यही निर्देशन निर्देशक का शोधकर्ता जयकुमार को अचानक गुरु प्रथम बार हैं मिला था। इस निर्देशन पर ही कुछ कार्य ग्राम घर आकर होमवर्क के रूप में किया और फिर सिद्ध क्षेत्र नैनागिरि में दीपावली के दिन आप दोबारा पहुंचे तो फिर क्या, शोध कार्य लिखित रूप से रखा शुरू कर दिया। अर्थात 5 वर्ष का ब्रह्मचर्य व्रत ले लिया। इसी दिन एवं क्षुल्लक समयसागरजी की एकल। दीक्षा हुई थी, अपने इस व्रत की गया जानकारी किसी को भी नहीं दी और गुप्त रूप से अपनी साधना करने लगे।

तुम्हारे लिए ही तीर्थ बना देता हूं-आचार्य श्री

कुछ दिनों बाद ब्रह्मचारी जयकुमार जी को तीर्थयात्रा करने का विकल्प आया आप सिद्धक्षेत्र नैनागिरि पहुंचे आचार्यश्री से तीर्थ यात्रा के आशीर्वाद का निवेदन करने लगे तव आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज बोले तुम्हें ही तीर्थ वना दूं। आचार्यश्री ने जयकुमार के चहरे को देखा और न जाने इनके चेहरे में क्या बांच लिया और धीरे से बोले तीर्थ यात्रा का आशीर्वाद लेने आए हो, अव तुम्हारे लिए ही तीर्थ वना दूं यह सुन जय अवाक रह गए ऐसा लगा मानो शोध कार्य पूरा होगया। इस को सही राह देने वाला निर्देशकत मिल गया। जयकुमार जी कुछ मुख से बोलते कि इससे पहले उनका मस्तिष्क स्वतः ही गुरुदेव के चरणों में झुक गया गुरू देव ने आपना हाथ सिर पर रखते हुए पिच्छिका से आशीर्वाद देते हुए कहा कि अब ये मयूरपिच्छिका आपको हाथ में लेना है। वह दिन 8 जनवरी, 1980 का था। एक दिन के अन्तराल के बाद 10 जनवरी, 1980 को आचार्यश्री ने ब्रह्मचारी जयकुमार को क्षुल्लक दीक्षा दे दी, नाम रखा श्री परमसागर। इसके बाद लगभग दो साल बाद सागर में दूसरी बाचना के समय वर्णी भवन मोरजी की शांति तेजस्वी कुटी में आपकी ऐलक दीक्षा हुई। इस वक्ता प्रकार गुरू की छाया में आध्यात्मिक साधना करते हुए गुरु के साथ अनंतों तीर्थंकरों की सिद्धस्थली सिन्द्ध क्षेत्र सम्मेदशिखर की यात्रा की।

तीज को दिये मुक्ति के बीज नाम हुआ सुधा सागर जी महाराज

इसी सिद्ध क्षेत्र की तलहटी में एवं गणेश प्रसादजी वर्णी की साधना में संघ सहित चातुर्मास की स्थापना हुई। इसी चातुर्मास में सन् 1983, 25 सितम्बर अश्विनी कृष्णा तीज मुक्ति का बीज, रत्नत्रय को अंकुरित करने के लिए आपको जैनेश्वरी दीक्षा आचार्यश्री द्वारा दी गई और नाम रखा परम पूज्य मुनि सुधासागरजी महाराज प्रखर चिंतक, उत्कृष्टमुनि, हृदय कवि, और भगवान महावीर की प्रतिमूर्ति तथा जैन मनीषी संत हैं। आपका हृदय इतना विशाल है फिर भी इतना सरल है कि इसमें पक्ष-प्रतिपक्ष सभी समाहित हो जाते हैं। आपके प्रवचन साहित्यिक एवं किसे हैं।

प्रखर वक्ता ओजस्वी प्रवचन शैली से लोग बधते चले जाते हैं

आपको ओजस्वी वाणी सरल, सुबोध, स्वश्छ, निर्मल, निश्चल, मर्मस्पर्शी, हृदय को छूने वाली और श्रोता एवं पाठक के हृदय पर एक चिरस्थायी के प्रभाव डालती है। आपके प्रवचनों में अपूर्ण गॉर्मिय तथा जादुई में अ द्भुत शक्ति है। कैसा भी धर्मविरोधी नास्तिक क्यों न हो आपका आचरण सानिध्य पाकर और प्रवचन ग्रहण करके वह आपका ही हो जाता है। नि:संदेह आपके पास क्लीष्ट से क्लीष्ट जैन दर्शन के गुणताओं और जटिलताओं को सरल बनाकर मोहने वाले रोचक दृष्टांतों, पौराणिक उदाहरणों, मनोरंजक वाक्यों द्वारा आबाल वृन्द्धों धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं सन् 1994 में आपके सानिध्य में पद्मपुरा अतिशय क्षेत्र राजस्थान में प्रथम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव साथ महा अतिशयकारी भूगर्भ स्थित देवरक्षित चौत्यालय (सांगानेर मंदिर) को आपके द्वारा लाखों लाख जनता के दर्शनाथ बाहर लाया गया, तदुपरांत समूचे राजस्थान में आपने धर्म का ऐसा डंका बजाया कि क्या युवा, बाल, वृन्द्ध सभी जिन मार्ग की राह पर चल पड़े।

बहुउद्देशीय ज्ञानोदय तीर्थ नारेली अजमेर का हुआ उदय

नव निर्मित बहु उद्देश्य ज्ञानोदय तीर्थ नारेली अजमेर कि स्थापना 1996 में आपके सान्निध्य में शिलान्यास से हुई यहां पर्वत पर त्रिकाल चौबीसी के साथ विशाल शान्तिनाथ, कुंथनाथ, अरहनाथ भगवान की 11 फिट को धर्म से परिचित कराने की अष्टधातु की प्रतिमाएं स्थापित हो रही क्षमता है। आप हैं, वहीं आपके आशीर्वाद से आर.के. मार्बल परिवार ने काशी की अद्भुत अनुशासनप्रिय कारीगरी के साथ विराट आदिनाथ हैं। आपके जैन जिनालय की स्थापना की जा रही है।

दर्शनोदय यूथोनजी सहित सैकड़ों तीर्थ क्षेत्रो का हुआ कायाकल्प

दिगम्बर मुद्रा आपके सानिध्य से राजस्थान में अनेक समन्वित से नवतीर्थों की स्थापना व जीर्णोद्वार का अंतकृतत सारी क्रम जारी है, जिनमें मध्य भारत का सबसे प्राचीन तीर्थ क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी जहां आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने के दो दो चातुर्मास हुए लेकिन जव सन दो हजार तेरह में परम पूज्य का आगमन हुआ तो आठ दिन के प्रवास से ही दर्शनोदय थूवोनजी का का नक्शा बदल गया आज थूवोनजी दुनिया की नजर में आया जो कुछ भी अभूतपूर्व हो रहा है वह सब मुनि पुंगव की तपस्या का प्रभाव है ऐसे सैंकड़ों तीर्थ जिनमें प्रमुख रूप से महा अतिशय क्षेत्र सांगानेर जी बहुउद्देशीय श्री दिगम्बर जैन ज्ञानोदय तीर्थ नारेली अजमेर राजस्थान भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की उपसर्ग स्थलीअतिशय क्षेत्र बिजोलिया सुदर्शनोदय आवा, बिजौलिया पारसनाथ, तपस्य सांखना गोलाकोट अभिन्दनोदय तीर्थ ललितपुर कटनी तीर्थ दिव्योदय तीर्थ जबलपुर शुभोदय तीर्थ बीनागंज सहित अनेक निर्बलता तथा तीर्थों का कायाकल्प हुआ है। साथ ही वीतरागता आदि गुणों चांदखेड़ी में भू-गर्भ स्थित जिनालय को से ओतप्रोत होने के जनता के दर्शनार्थ बाहर प्रकट कराकर कारण ही दर्शनार्थी के महा अतिशय आपके सान्निध्य से हुआ अंतःकरण को और लाखों लोगों ने उन रत्नमयी एवं प्रतिमाओं के दर्शन कर अपने भाग्य को धन्य किया। संतश्री को आज दीक्षा आपकी अपनी स्वयं लिए हुए 44 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, इन की साधना एवं गुरु कृपा से वर्षों में धर्म, संस्कृति को सुरक्षित करने का अभियान चल रहा है इसके साथ ही पर्यावरण नशा मुक्ति पशु रक्षा के साथ संस्कारित समाज की स्थापना व सुयोग्य मानव के निमार्ण का अभियान आपके चल रहा है जो आज समाज के लिए वरदान है। गुरु देव का इतना प्रभाव है कि जहां भी तीर्थ चक्रवर्ती मुनिपुगंव के चरण पड़ते हैं, वहां के जन मानस में धर्म तथा अपनी संस्कृति के गौरव के साथ अटूट आस्था जाग जाती है तथा चतुर्थ काल वरत ने लगता है लिखने को बहुत वस 44वें दीक्षा दिवस पर राष्ट्रसंत के चरणों में कोटि कोटि नमन। शत्-शत् वंदन।

रीना-विजय जैन धुर्रा, मंत्री जैन समाज अशोकनगर
संयोजक मध्यप्रदेश महासभा

ऐतिहासिक धर्म प्रभावना के साथ हुआ श्रावक संस्कार शिविर






परम पूज्य राष्ट्र संत राजकीय अतिथि मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ अठराह पिच्छिकाओ के साथ इन्दौर में पर्व राज दस लक्षण महापर्व पर 33 वां अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर शिविर का भव्य आयोजन श्रावक श्रेष्ठी आकाश दीपिका जैन आलोक-मधु जैन कोयला परिवार के पुण्यर्जन में किया गया इस दौरान परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री 108 पुंगव सुधासागर महाराज के सान्निध्य में भव्य 33वे संस्कार शिविर में शिविरार्थियों दारा कठिन तपस्या करते हैं, 345 शिविरार्थियों दारा दस उपवास की तपस्या की गई जिसमें 35 शिविरार्थियों ने दस निराजल उपवास किये। शिविर में देश-भर से छः हजार दो सौ पैंतीस प्रतिनिधियों को शिविर में कठोर तपस्या करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान इंदौर की चारो दिशाएं व मध्य क्षेत्र 138 जिनालयों में शिविर में बैठे प्रदेश व अन्य प्रदेश से पधारे श्रावकों को भेजा घर, घर भोजन आतिथ्य हेतु 60 बस, 50 ट्रेवलर व अन्य साधनों से जिसमें त्यागी व्रती, बच्चे भी शामिल है यह व्यवस्था 10 दिन तक रहीं।

इसमे चांदखेड़ी तीर्थ के अध्यक्ष व शिविर संयोजक हुकम जैन काका अध्यक्ष चक्रवर्ती नवीन गोधा व मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा अशोक नगर कमेटी के मंत्री अक्षय कासलीवाल, व चातुर्मास कमेटी के साथ विशेष सहयोगी श्री विमल अजमेरा, टीके वैद, पिंकेश टोंग्या, अजय जैन अज्जू, झोन प्रभारी राहुल जैन स्पोर्ट्स, अभिषेक अजमेरा, राजेश खाकरोड वाला का विशेष सहयोग रहा आतिथ्य सत्कारव जैन शोशल ग्रुप मैन के प्रमुख अमित कासलीवाल के नेतृत्व सम्पूर्ण व्यवस्था को अंजाम दिया।

हुकुम काका कोटा शिविर निर्देशक, विजय जैन धुर्रा अशोकनगर संयोजक मध्यप्रदेश महासभा,

राष्ट्र संत निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के जीवन पर विशेष, इंदौर शहर में चातुर्मास के दिनों में गूंज रहा है-दीवाना हूं तेरा, दीवाना हूं तेरा, मेरे सुधा सागर महाराज में दीवाना हूं तेरा।





इंदौर शहर में इन दिनों एक अदभुत नजारा देखने को मिल रहा है, यह नजारा राष्ट्रसतं पूज्य श्री सुधासागर जी महाराज के चातुर्मास को लेकर हैं। देशभर से श्रद्धालु उनके दर्शनों के लिए और आशीर्वाद की आंकाक्षा लेकर नजर आ रहे हैं। मुनि श्री के इस चातुर्मास के दौरान जब यह पंक्तियां यहां बजने वाले वाहनों में गुंजती हैं तो लोग तो नाचने पर विवश हो जाते हैं। गाते हुए भक्तों की टोली नाचने पर विवश हो जाती है। महा नगर इंदौर में यह दृश्य पिछले डेढ़ महीने से देखने मिल रहा है। भीड़ इतनी दीवानी है कि उनके पीछे अपने सारे कामकाज घर, परिवार को छोड़कर नजर आती है। यह दृश्य इंदौर शहर में नजर आ रहा है। यहां और भी संतों के चातुर्मास हुए हैं लेकिन ऐसा दृश्य ऐसी दीवानगी सड़कों पर ऐसा हुजूम पहले कभी देखने नहीं मिला। यह श्रद्धालुओं की आस्था है या फिर परमपूज्य का चुम्बकीय व्यकित्व या आध्यात्मिक संसार है। ऐसा क्या है कि मुनिश्री के पास भक्तों का काफिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इंदौर के चातुर्मास ने पूज्य श्री को एक नए इतिहास की ओर अग्रसर किया है। चातुर्मास तो मुनि श्री के जीवन में बहुत हुए हैं। लेकिन इन्दौर का चातुर्मास इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है।

मुनिश्री की विचार वाणी, उनकी देशना, श्री मुख से निकले शब्द, उनकी सभा में बैठे श्रद्धालुओं को सुनने पर विवश कर देते हैं। एक के बाद एक आयोजनों की श्रृंखला जारी है ऐसे आयोजन इंदौर में न तो पहले कभी देखे गए इंदौर की जनता भी अभिभूत है और राष्ट्रसंत के इस चातुर्मास को लेकर अपने आप को धन्य मान रही है। यही तो वजह है जो उन्हें राष्ट्र संत बनाती है, मुनि श्री की वाणी से झरता सुधा का अमृत इन्दौर के साथ साथ पूरे देश को सुधा मय कर रहा है। मुनि श्री इंदौर की सरजमीं पर जैनो के संत नहीं अपितु सर्व समाज के संत हो गए हैं। आज भी लोग यही कहते मिलते हैं कि कैसे उनका मुनि श्री से साक्षात्कार होगा। कैसे दर्शन होंगे कैसे अकेले मिल सकेंगे। यह कल्पना लोग पहले दिन से ही कर रहे हैं और आज भी कर रहे हैं लेकिन भीड़ को कम कर उनके पास तक जाना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

वह तीर्थ सुधारक है उन्हें मंदिरों की कमियों को सुधारने, वास्तु कला के साथ सभी प्रकार का ज्ञानी माना जाता है अगर उन्हें हम जैन समाज का आर्किटेक्ट कहें तो कम नहीं होगा। वह जैन समाज के आर्किटेक्ट इसलिए है क्योंकि जैन प्रक्रिया को भी तकनीकी रूप से करने का काम अगर जानना है तो वह उनके ही पास है। उन्होंने अपने जीवन काल में पूरे राष्ट्र में जो उपलब्धियां हासिल की है वह आम लोगों की जुबान पर है।

नमनकर्ता: सुमन दगड़ा, उपाध्यक्ष व्यावर
ज्ञानोदय तीर्थ कमेटी, गुण सागर जैन,
रैनवाल अध्यक्ष जैन समाज, तरुण काला मुंबई।

अशोकनगर में भक्ति भाव से हो रहा है मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज का चातुर्मास ।

अशोकनगर शहर को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज के चातुर्मास का सोभाग्य मिला है। अशोकनगर में पिछले 3 महीनों से धर्म की गंगा बह रही है। मुनि श्री के द्वारा प्रतिदिन सांइस ऑफ लिविंग को लेकर श्रद्धालुओं को जीवन जीने की कला से अवगत कराया जा रहा है। दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वाधान में चल रहे इस चातुर्मास को लेकर व्यापक तैयारियां किए जाने के साथ साथ भक्ति और आस्था का लाभ मुनि श्री के सानिध्य में प्रदान कराया जा रहा है। प्रतिदिन मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे हैं। इन प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्वालु जन भाग ले रहे हैं। मुनि श्री के सानिध्य में अशोकनगर शहर को इस बार दशलक्षण पर्व मनाने का मौका मिला जो उल्लेखनीय रहा। विमानोत्सव का आयोजन भी मुनिश्री के सानिध्य में एक नई अनुभूति प्रदान कर गया।



मुनिश्री के चरणों में शत् शत् नमन,
शालू भारत, सजर्जीव श्रृंगार, विपिन सिंघई,
शेलेन्द्र दददा, विनोद मोदी, राहुल सिंघई, गोलू बांझल ।

समाचार संक्षेप


आरोन के कस्बामढ़ी में सरपंच पद के लिए 29 सितंबर को मतदान

गुना। पंचायत उप निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत आरोन की ग्राम पंचायत कस्बामढ़ी में रिक्त सरपंच पद के लिए 29 सितंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इस पद के लिए 6 अभ्यर्थी मैदान में हैं। मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से सामुदायिक भवन, जनपद पंचायत आरोन में होगी। वहीं, डगराई, आमोदा, पहारूआ, हिनौतिया, रूसल्लीकलां, सिरसी और शहवाजपुर में पंच पदों के लिए एक-एक नामांकन मिलने से निर्वाचन निर्विरोध हुआ है। निर्वाचन के मद्देनजर कस्बामढ़ी क्षेत्र की कम्पोजिट मदिरा दुकान पनवाड़ी हाट 27 सितंबर दोपहर 3 बजे से 29 सितंबर मतदान समाप्ति तक बंद रहेगी।

2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती शुष्क दिवस घोषित

गुना। राज्य शासन द्वारा 2 अक्टूबर 2026 महात्मा गांधी जयंती को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा शासन के निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम



गुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प के तहत चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद बबीता राजेश साहू रहीं। कार्यक्रम में पार्षद बबीता साहू ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के निर्देशानुसार 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी 97,882 आंगनबाड़ी केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अभियान के माध्यम से माताओं और बच्चों तक पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मेरी आंगनबाड़ी, मेरी जिम्मेदारी' का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला सह-कोषाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव हैं, इसलिए सभी वार्डवासियों को इनके कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

तीर्थ दर्शन योजना के तहत वाराणसी-गया के लिए 259 श्रद्धालु हुए रवाना



गुना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत गुना जिले से वाराणसी-गया तीर्थ यात्रा के लिए शनिवार शाम गुना रेलवे स्टेशन से 259 यात्री एवं 5 अनुरक्षक रवाना हुए। यह यात्रा 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक संचालित होगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को माला पहनाकर शुभ यात्रा की मंगलकामनाएं दी गईं। साथ ही यात्रियों से संवाद कर यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, ज्वाइंट कलेक्टर संजीव खेमरिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बालाजी अस्पताल में परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

महिला की मौत के बाद अस्पताल में तोड़फोड़, शव रखकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के बालाजी अस्पताल में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि इलाज में लापरवाही के चलते एक 26 वर्षीय महिला की मौत का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए वेंटिलेटर, कंप्यूटर और कूलर समेत अन्य चिकित्सा उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर ओवरब्रिज पर करीब दो घंटे तक चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

जानकारी के अनुसार, आरोन थाना अंतर्गत ग्राम भादौर निवासी राजकुमारी बाई (26) को खून की कमी की शिकायत के बाद बीते 18 सितंबर को बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां चार यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद स्वास्थ्य में सुधार देख डॉक्टरों ने 21 सितंबर को उसे डिस्चार्ज कर दिया था। हालांकि, शनिवार शाम महिला की तबीयत दोबारा बिगड़ गई, जिस पर परिजन उसे आनन-फानन में दोबारा बालाजी अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जब वे महिला को अस्पताल लाए तब उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ और डॉक्टरों ने घंटों तक उसे देखना तक उचित नहीं समझा। न तो इलाज शुरू किया गया और न ही मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए किसी अन्य बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया गया। समय पर चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण रात में ही महिला की सांसें थम गईं।

रविवार सुबह जब डॉक्टरों ने औपचारिक रूप से महिला को मृत घोषित किया, तो परिजनों का सब्र टूट गया। आक्रोशित तीमारदारों ने अस्पताल के रिसेप्शन और आईसीयू वार्ड में तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। परिजनों ने वेंटिलेटर मशीन को नीचे पटक दिया, रिसेप्शन पर लगे कंप्यूटर व कूलर को चकनाचूर कर दिया। अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया और स्टाफ मौके से खिसक गया।

सड़क पर बाइकें अड़ाकर लगाया जाम

अस्पताल में हंगामे के बाद परिजन शव को लेकर शहर के मुख्य ओवरब्रिज पर पहुंच गए और सड़क के बीचों-बीच मोटरसाइकिलें अड़ाकर चक्काजाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन दोषी डॉक्टरों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने और अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से सीधे बातचीत की और पूरे मामले की निष्पक्ष डॉक्टरी जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासनिक आश्वासन के बाद करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त हो सका।

इनका कहना है...

मैं फिलहाल बच्चे के एडमिशन के संबंध में रीवा आया हूं। स्टॉफ से जानकारी ली है। महिला 18 सितंबर को आयुष्मान में भर्ती हुई थी। जिसमें एनामिया में ब्लड चढ़ाकर हमने 21 को डिस्चार्ज कर दिया था। आज फिर परिजन उसे मृत अवस्था में लेकर आए थे। स्टॉफ ने देखकर परिजनों से उसे ले जाने को कहा था। लेकिन परिजन जिंदा है जिंदा है बोलकर उसे जबर्दस्ती आईसीयू में ले गए। वहां पलंग पर लेटकर आईसीयू में जितनी भी मशीन हैं सब में तोड़फोड़ की। हमने कोतवाली में इस संबंध में आवेदन दिया है। करीब 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

डॉ. आरबी धाकड़, अस्पताल संचालक

बैंकों में तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल से पहले रविवार को खुले दफ्तर, नहीं दिखी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बैंक यूनियनों द्वारा फाइव-डे वर्किंग सहित अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में सोमवार से आहूत तीन दिवसीय हड़ताल को देखते हुए रविवार को जिले में विशेष व्यवस्था लागू की गई। हालांकि इस आदेश के खिलाफ बैंककर्मियों ने काले कपड़े पहनकर और सोशल मीडिया पर स्टेट्स लगाकर विरोध किया। दरअसल आगामी तीन दिनों तक बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप रहने की संभावना के मद्देनजर प्रशासन और बैंक प्रबंधन ने रविवार को भी शाखाएं खोलने का निर्णय लिया, ताकि आम नागरिक अपने आवश्यक वित्तीय लेन-देन समय रहते निपटा सकें।

सोमवार से बुधवार तक लटके रहेंगे ताले

यूनियन के आह्वान पर सोमवार से शुरू होकर बुधवार तक चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान जिले भर की बैंक शाखाओं में ताले लटके रहेंगे। लगातार तीन दिनों तक शाखाएं बंद रहने से ग्राहकों को होने वाली संभावित असुविधा और नकदी संकट से बचाने के लिए बैंकों ने पूर्व में ही संदेशों और अन्य माध्यमों से रविवार को कामकाज संचालित होने की जानकारी साझा की थी।

2016 के बाद पहली बार रविवार को खुले बैंक

स्थानीय स्तर पर रविवार को बैंक खुलने का यह दृश्य वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी के बाद पहली बार देखने को मिला है। उस दौरान 500 और 1000 के पुराने नोट बदलने के लिए शाखाओं के बाहर अलसुबह से ही लंबी कतारें लगी रहती थीं। हालांकि, इस बार रविवार को शाखाएं खुली रहने के बावजूद दफ्तरों में अपेक्षाकृत सामान्य माहौल रहा और लेन-देन के लिए ज्यादा भीड़भाड़ नजर नहीं आई। अधिकांश ग्राहकों ने राहत की सांस लेते हुए अपने पेंडिंग चेक और नकदी जमा-निकासी जैसे काम निपटाए। सोमवार से बुधवार तक भौतिक बैंकिंग बंद रहने के कारण अब नागरिकों को केवल ऑनलाइन ट्रांसफर और एटीएम सेवाओं पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

जिला अस्पताल के रेडक्रॉस भवन में निःशुल्क हृदय रोग शिविर आयोजित

115 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. राठौर ने दी सीपीआर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के जिला चिकित्सालय स्थित रेडक्रॉस भवन में रविवार को निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी गुना एवं अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में इंदौर से आए प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक राठौर ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श व स्वास्थ्य सेवाएं दी।

115 रोगियों की जांच, 75 का हुआ ईसीजी

शिविर में जिले भर से आए 115 हृदय रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला अस्पताल के तकनीकी सहयोग से सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर व शुगर की निःशुल्क जांच की गई, जबकि 75 गंभीर मरीजों का निःशुल्क ईसीजी टेस्ट भी किया गया। इस दौरान डॉ. अभिषेक राठौर ने उपस्थित लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही आपात स्थिति में जीवन बचाने वाली सीपीआर तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर इसका महत्व समझाया।

अतिथियों ने सराहा सामाजिक प्रयास

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. बी.पी. शर्मा, विशिष्ट अतिथि विभाग संघचालक अशोक कुशवाहा एवं भाजपा नेता मानसिंह परसौदा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों का स्वागत रेडक्रॉस सचिव डॉ. रामवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन संजय राठी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. लखन धाकड़ ने व्यक्त किया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. एलके शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. धाकरे, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, चंद्रेश जैन, पूर्व सीएमएचओ डॉ. पी. बुनकर, रमेश मालवीय एवं सुनील पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राम राजपूत तथा आरएमओ डॉ. प्रकाश धाकड़ का सराहनीय और विशेष सहयोग रहा।

राशन विक्रेता आज रैली निकालकर जिला प्रशासन को देंगे ज्ञापन

गुना। उचित मूल्य दुकानदार कल्याण संघ समिति मध्यप्रदेश के आह्वान पर जिले के राशन विक्रेता भी अब आंदोलन की राह पर हैं। जिन्होंने 28 सितंबर को रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देने का ऐलान किया है, जिसके तहत जिले भर से एकत्रित सभी उचित मूल्य दुकानदार और सेल्समैन आदि रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगें उठाएंगे। इस संदर्भ में समिति के जिलाध्यक्ष संजय दुबे और प्रदेश महा सचिव रशीद खान ने बताया कि मध्यप्रदेश में राशन वितरकों का कमीशन देश भर में सबसे कम है, जिसके कारण ग्रामीण इलाकों के उचित मूल्य दुकानदार दयनीय हालत में हैं। इसके बाद भी उन्हें कभी भी समय पर उनके हक का कमीशन राज्य सरकार द्वारा नहीं दिया जाता है। इस संदर्भ में समिति द्वारा पूर्व में भी कई बार ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान कमीशन समय पर देने के साथ-साथ अन्य समस्याओं के निराकरण पर भी आकर्षित किया जाता रहा है, लेकिन सरकार ने इन समस्याओं के निराकरण में रुचि नहीं दिखाई है, जिसके कारण उचित मूल्य दुकानदार को प्रदेश भर में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

29 सितंबर से स्वास्थ्य व नेत्र शिविर सहित होंगे विविध आयोजन

गुना। गुना जैन समाज की अग्रणी संस्था जैन युवा संगठन अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। संगठन के इस स्वर्णिम सफर के उपलक्ष्य में 29 सितंबर से 4 अक्टूबर 26 तक छह दिवसीय सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि बीते पांच दशकों में संस्था ने सामूहिक विवाह, परिचय सम्मेलन, नेत्र चिकित्सा शिविर, बवासीर शिविर और थेरेपी सेंटर जैसी मानव सेवा की गतिविधियों से अपनी खास पहचान बनाई है।

स्वर्ण जयंती वर्ष के संयोजक अभिजीत गोयल ने सेवा सप्ताह की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि आयोजन की शुरुआत 29 एवं 30 सितंबर को विशाल स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर से होगी। यह शिविर बूढ़े बालाजी रोड स्थित स्थानीय गौशाला प्रांगण में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक तथा दोपहर 3:30 से शाम 6:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक संजय जैन (सोना) के अनुसार पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का पुण्यार्जन स्वर्गीय विनोद जैन एवं स्वर्गीय राजीव जैन की पावन स्मृति में रीतेश जैन डूंगसरा परिवार द्वारा किया जा रहा है।

पुरानी छावनी में सूने मकान से टिल्लू पंप और टैक्सी की बैटरी पार

गुना। शहर के कोतवाली थानांतर्गत पुरानी छावनी स्थित राठौर मोहल्ले में बेखौफ चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। शातिर चोर घर में रखा सामान या नकदी नहीं, बल्कि वहां खड़ी टैक्सी में लगी बैटरी और पानी का टिल्लू पंप चुराकर रफूचक्कर हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। पीड़ित गृहस्वामी राजू रजक ने बताया कि गत सुबह 7 बजे जब वे अपने दूसरे मकान से यहां पहुंचे, तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। काफी खोजबीन के बाद सुराग न मिलने पर उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि शहर में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

83 लीटर अवैध शराब के साथ किशोर पकड़ा, बाइक भी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में रविवार को आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा एक अपचारी बालक को अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति अशोकनगर जिले से एक बाइक पर बोरियों में भरकर अवैध मदिरा ला रहा है। तत्पश्चात उक्त सूचित स्थान पर आबकारी बल द्वारा अशोकनगर की तरफ से आ रही बाइक चला रहे व्यक्ति को देखा तो वह हड़बड़ा गया और वापस मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगा जिसे बल द्वारा पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर वह एक किशोर बालक होना पाया गया जो अशोकनगर जिले के माधोगढ़ पारदी डेरो से अवैध मदिरा लेकर आ रहा था। चार बड़े बोरियों एवं झोले में मोटरसाइकिल से बांधकर ला रहा था जो की एक-एक लीटर धारिता के पन्नी पाऊचो में भरे हुए थे जो गिनने पर 88 होना पाए गए। मापने पर 83 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई। मदिरा से तेज गंध आने की वजह से एफएसएल ग्वालियर भेजने हेतु सैंपल निकाले गए। किशोर बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया। अवैध मदिरा एवं मोटरसाइकिल सहित सामग्री की अनुमानित कीमत 75000 रुपए है। कार्रवाई में आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौड़, कमल बरोदिया एवं महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही।

किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया

उत्तम क्षमावाणी पर्व पर बाजार मंदिर से निकला चल समारोह

शांतिनाथ का हुआ कलशाभिषेक, एक-दूसरे से मांगी क्षमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर रविवार को उत्तम क्षमावाणी पर्व के मौके पर शहर में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल देखा गया। इस अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर से चल समारोह निकाला गया। ट्रस्ट समिति के मंत्री धर्मेंद्र बज ने बताया कि सकल दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट कमेटी एवं श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर ट्रस्ट समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 9 बजे चल समारोह का शुभारंभ हुआ। यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों सदर बाजार, सुगन चौराहा, नई सड़क, पंडा जी का चौराहा और बताशा गली से होता हुआ पुनः शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा।

जिनालय पहुंचने के बाद दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष, पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र, सर्वोदय ज्ञान तीर्थ क्षेत्र एवं बाजार मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्षों सहित पांच उपवास की कठिन साधना करने वाले सभी व्रती तपस्वियों द्वारा मूलनायक भगवान शांतिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद श्रीमती आयुषी और राखी जैन ने सुमधुर मंगलाचरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विभिन्न बोलियों के माध्यम से सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र, सनत कुमार और महेंद्र इंद्र का चयन कर सौभाग्यशाली विजेताओं को अवसर प्रदान किया गया।

उत्तम क्षमा धर्म पर विचार और सम्मान समारोहः कार्यक्रम में उत्तम क्षमा धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिणीता जैन ने सारगर्भित प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि क्षमा पर्व केवल औपचारिकता या शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मन, वचन और कर्म से वास्तविक रूप से क्षमा मांगने और क्षमा करने का भाव लाना चाहिए। इसे वर्ष भर अपने व्यवहार में उतारना ही सच्चा क्षमा धर्म है। तत्पश्चात पर्यूषण पर्व के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजक संस्थाओं के अध्यक्षों व सचिवों को सम्मानित किया गया। साथ ही अंताक्षरी, फैंसी ड्रेस और रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद बड़े ही भक्ति भाव के साथ भगवान का कलशाभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न की गई। कार्यक्रम के अंत में फूलमाल की बोली लेने वाले महानुभावों को गाजे-बाजे के साथ उनके गृह स्थान तक पहुंचाया गया। इस भव्य आयोजन में खंडेलवाल समाज अध्यक्ष राजेंद्र टोंग्या, उपाध्यक्ष अमित सोगानी, सकल दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट अध्यक्ष संजय जैन कामिनी, महामंत्री अनिल जैन अंकल, पुण्योदय के महामंत्री प्रदीप जैन भालू, सर्वोदय ज्ञान तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष अरविंद जैन, कार्यवाहक मंत्री धर्मेंद्र बज, सुनील सराफ, जैनेन्द्र झांझरी उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन समाज कुंभराज ने हर्षोल्लास से मनाया क्षमावाणी पर्व

कुंभराज। श्री दिगंबर जैन समाज कुंभराज द्वारा क्षमावाणी पर्व हर्षोल्लास एवं धर्ममय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने वर्षभर में जाने-अनजाने हुई गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना की तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज की ओर से वात्सल्य भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की।

इस पावन अवसर पर ब्रह्मचारिणी श्रद्धेय शैली दीदी जी की 11 उपवास की तपस्या पूर्ण होने के उपरांत पारणा संपन्न कराया गया। दीदी जी का पारणा कराने का सौभाग्य विवेक कुमार जैन एवं विक्रम कुमार जैन, अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज के परिवार को प्राप्त हुआ। परिवारजनों ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ दीदी जी का पारणा कराया। इस अवसर पर उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं ने दीदी जी की कठिन तपस्या की अनुमोदना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं धर्ममय बना रहा। समाजजनों ने क्षमावाणी पर्व के संदेश को आत्मसात करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

अमानत में खयानत का मामला दर्ज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत महावीर कॉलोनी निवासी रितिक पुत्र संजीव जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विजय जेसवानी और तरूण जेसवानी निवासी इन्दौर द्वारा अमानत में ख्यानत की गई। बकाया राशि मांगने पर भुगतान रोक दिया और उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरियादी की रितिक ट्रेडिंग कंपनी तथा राजेन्द्र कुमार अजीत कुमार बीना के द्वारा इन्दौर की चॉकलेट व विस्कुट फेक्टरियों के मालिक व आरोपीगणों को शकर की सप्लाई की थी शुरूआत में भुगतान करने के बाद आरोपियों ने नियत खराब कर ली और आरोपियों ने अमानत में ख्यानात करते हुए और 2793320 रूपए का भुगतान रोक दिया। बकाया राशि मांगने पर गाली गलौंच की और जान से मारने की धमकी दी।

दो बाईक आपस में टकराईं, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत स्टेशन रोड़ मुंगावली पर दो बाईक आपस मे टकरा गईं दोनों बाईक चालकों ने एक दूसरे क विरूद्ध मामले दर्ज कराएं हैं। एक पक्ष की ओर से हेमन्त अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विशाल, जगदीश सांसी व तीन चार अन्य लोगों ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी व उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विशाल सांसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हेमन्त अहिरवार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मूडरा में रघुवीर अहिरवार के खेत पर बने कुंए किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव छत विछत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरा पछार निवासी बिन्ना बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित और सुनीता लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधेश्याम कुशवाह निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवीलाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जघांर निवासी विनोद जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मीरकावाद निवासी महेश्वर धुर्वे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आमिर व सकील खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमखिरिया निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील और अनिल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ रोड निवासी राजेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश और रीना शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

कर्मचारी कल्याण शिविर का आयोजन किया गया

अशोकनगर। शिक्षा विभाग में आयुक्त लोकशिक्षण द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मै जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा कर्मचारियों की समस्या को प्राथमिकता पर रखते हुए रविवार को समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर 85 प्रकरणों समस्याओं का निवारण किया, जिसमें 75 लंबित क्रमोन्नति आदेश तत्काल जारी किए गए तथा 10 अन्य समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के समाधान जिला स्तर से 2 दिवस मै पूर्ण कर रिपोर्ट आयुक्त लोकशिक्षण को प्रस्तुत की जाएगी।





भारी भीड़ के बीच श्री जी चांदी के रथ और रजत विमान में सवार होकर निकले, मुनिश्री भी इस चल समारोह का हिस्सा बने

शहर की सड़कों पर जैन समाज का जलसा निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





सोमवार को अशोकनगर शहर जैन समाज के जलसे में डूबा नजर आया। इस चल समारोह में श्री जी चांदी के रथ में और रजत विमान में सवार होकर निकले। पूरा शहर श्री जी की शोभा यात्रा में शामिल हुआ। जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई, श्रीफल भेंट किए गए। श्रद्धा, भक्ति, आस्था और उपासना के इस पर्व पर उल्लास देखा गया। अशोकनगर में विराजमान मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज भी इस चल समारोह में शामिल हुए।

जैन समाज के पूरे वर्ष होने वाले आयोजनों में जैन विमानोत्सव का आयोजन सबसे बड़े जलसे के रूप में जाना जाता है यह आयोजन हर वर्ष पर्यूषण पर्व की समाप्ति के पश्चात होता है। इस बार भी यह आयोजन दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था जिसमें रविवार को यह चल समारोह पुराना बाजार स्थित गांव जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर पहुंचा। इस चल समारोह में न केवल अशोकनगर शहर अपितु पड़ौसी जिला गुना, शिवपुरी,सागर और विदिशा से भी लोग शामिल होने हेतु अशोकनगर पहुंचे थे। इन श्रद्धालुओं ने न केवल जैन विमानोत्सव में भाग लिया अपितु मुनिश्री के दर्शन भी किए।

चांदी के रथ को मानव रथ के रूप में निकाला गया-जैन विमानोत्सव का यह आयोजन जब प्रारंभ हुआ तब मंदिर के बाहर ही श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती की। इस दौरान भगवान के विमान में लगने के लिए लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। इसी तरह अशोकनगर जैन समाज की एक बड़ी उपलब्धी चांदी के रथ में विराजमान श्री जी को मानव रथ के रूप में खींचते हुए लोगों को देखा गया।

जगह-जगह आरती की गई और श्रीफल भेंट किए गए-भगवान का यह विमान जिन-जिन रास्तों से निकले उन रास्तों पर रहने वाले निवासियों ने भगवान की आरती की और श्रीफल भेंट किए। इस चल समारोह में इस बार भी उज्जैन जिले के बड़नगर के बैण्ड को जैन भजनों को लेकर आंमत्रित किया गया था। जैन भजनों पर लोगों को नाचते गाते हुए देखा गया। एक तरफ युवतियां नांच रही थी तो दूसरी ओर युवक नांच रहे थे। इस विमानोत्सव में जिसे जो मौका मिला वह अपनी प्रस्तुती देता हुआ नजर आया।

महिला संगठनों में भी उत्साह देखा गया-महिलाओं की टोलियां भी नांचते गाते हुए देखीं गईं। किसी को डांडया खेलते हुए किसी को लेझम बजाते हुए देखा गया। इस चल समारोह में युवकों को चांचड़ भी खेलते हुए देखा गया जो यहां के विमानोत्सव की एक बड़ी पहचान है।

मुनिश्री के मंगल प्रवचनों का आयोजन हुआ-मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज इस चल समारोह में विवेक टॉकीज चैराहा से दोपहर 2 बजे के बाद शामिल हुए। यह चल समारोह सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर पहुंचा, जहां भगवान का अभिषेक और फूलमाल, ज्ञानमाल और श्रीमाल के आयोजन हुए। साथ में ईसुर वारा क्षेत्र और थूवोनजी के लिए भी लोगों ने दान राशि प्रदान की।

आज भी होगा जैन विमानोत्सव का आयोजनः सोमवार को भी जैन विमानोत्सव का यह चल समारोह सुभाष गंज जैन मंदिर से निकाला जाएगा। जो सुभाषगंज, सदर बाजार, नेहरू पार्क रोड, इन्द्रा चैक, त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर, प्रोसेशन रोड होते हुए पुराना गांव जैन मंदिर पहुंचेगा। सोमवार को भी इसी तरह के उत्सव का नजारा इस आयोजन में देखने को मिलेगा। मुनि श्री ने भगवान के विहार के संबंध में अवगत कराया।

लायंस क्लब की सराहनीय पहल

अब दिव्यांग भी एलईडी टीवी के माध्यम से कर सकेंगे मनोरंजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में रह रहे बच्चों के लिए मनोरंजन का कोई साधन नहीं था, जिसे लेकर लायंस ने जब बच्चों से पूछा कि उन्हें किस चीज की आवश्यकता है तब उन्होंने कहा कि उन्हें टेलीवीजन की सुविधा चाहिए। दिव्यांगों की इस मांग पर लायंस क्लब ने इस पुर्नवास केन्द्र में रह रहे दिव्यागों को एक एलईडी टीवी प्रदान किया साथ में यहां के खराब हो चुके आरएओ वाटर सिस्टम को भी सुविधापूर्ण बनाया गया। इस अवसर पर लायंस सुयोग जैन के जन्मदिन को दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया गया। बच्चों को मिठाइयां एवं विभिन्न उपयोगी सामग्री की किट वितरित की गई, जिसमें खाने-पीने की सामग्री, तेल, साबुन, तौलिया, कंघा, शैम्पू, बिस्किट, चॉकलेट, चिप्स एवं फल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में अशोकनगर तहसीलदार संतोष धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। तहसीलदार धाकड़ एवं लायंस क्लब के सदस्यों ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के स्टाफ के साथ बच्चों के बीच समय बिताया और सेवा कार्य में सहभागिता की।



मुंगावली की बेटियों ने बढ़ाया जिले में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अशोकनगर में किया गया जिसमें सेंट मीरा स्कूल की छात्रा श्रीजी मिश्रा पुत्री संदीप मिश्रा ने भाषण प्रतियोगिता में पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया वही चित्रकला प्रतियोगिता में टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सिद्धि जैन पुत्री संजीव जैन जिले में प्रथम स्थान हासिल किया वही भाषण प्रतियोगिता में स्मृति तिवारी पुत्री प्रेम नारायण तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया है। बता दे कि यह तीनों बालिकाएं मुंगावली की है जिन्होंने जिले में अपना दबदबा बनाया है स एवं आगामी तारीख में यह सभी बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने नगर मुंगावली अपने विद्यालय एवं अपने मां बाप का नाम रोशन करेंगे स बच्चों की इस उपलब्धि पर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, महामंत्री नरेश ग्वाल, उपाध्यक्ष मनीष मोदी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दीपक पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद चतुर्वेदी, टी ए व्ही स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन,सेंट मीरा स्कूल के प्राचार्य संदीप मिश्रा, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, सहित समस्त नगरवासी एवं छात्र-छात्राओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सोशल मीडिया पर भी चले क्षमा के संदेश

दशलक्षण महा पर्व के बाद लोगों ने एक दूसरे से मांगी उत्तम क्षमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली।



दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुए, महापर्व के समापन के वाद सभी ने एक दूसरे से जाने-अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगी, हाथ जोड़कर सभी ने एक दूसरे से गिले शिकबे दूर किए,दशलक्षण पर्व के दौरान नगर के कुछ लोगो ने दस उपवास किये लेकिन अंतिम दिवस अधिक संख्या में लोगो ने उपवास किए, जिनमे कई बच्चे भी शामिल थे।

संत निवास पर सामूहिक रूप से हुआ शांतिनाथ विधान संपन्न शांति धारा के दौरान उस समय लोग अचंभित हुए जब शांतिधारा का वाचन एक छोटे से श्रावक (बच्चे)सानिध्य सराफ द्वारा किया गया, आपको बता दे की शांति धारा का वाचन कम ही लोग कर पाते है और इस छोटे से बच्चे सान्निध्य ने बहुत ही सुन्दर तरीके ओर शुद्ध भाषा में शांतिधारा का वाचन किया,जिसकी वहां मौजूद लोगों ने जमकर तारीफ की, जैन समाज अध्यक्ष रूपेश जैन ने बताया कि जहां दशलक्षण पर्व में बड़े लोगो ने तो बढ़ चढ़कर धार्मिक क्रियाएं में भाग लिया साथ ही इस बार छोटे छोटे बच्चे जिनकी उम्र बहुत कम थी वह भी धर्म की साधना में बड़े लोगो के जैसे ही की। यह बीज पूज्य आचर्य श्री विद्या सागर जी महाराज व उनके परम-प्रभावक शिष्य पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा है जो छोटे छोटे बच्चों में आ रही है जो प्रतिदिन पाठशाला के माध्यम से धर्म की शिक्षा ले रहे है संगानेर जैसी संस्थाओ में पहुंच कर आज बच्चे बढ़े बढ़े मंचों पर धर्म की प्रभावना कर रहे है। इंदौर में आयोजित हुए 33वे संस्कार शिविर में शामिल होकर लौटे श्रावकों का भव्य स्वागत जैन समाज के लोगो ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर किया गया।

माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में होगा भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली।



कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में खाटू श्याम जी की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। यह धार्मिक आयोजन बुधवार 30 सितंबर को सायं 7 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद ग्राउंड मुंगावली में किया जाएगा। आयोजक समिति श्री सिद्धेश्वर सरकार सोशल वेलफेयर सोसाइटी मुंगावली के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से आग्रह किया कि श्रद्धा और भक्ति की इस पावन संध्या में समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालु की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

नामदेव समाज विकास परिषद के जिला अध्यक्ष बने रामकिशन नामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नामदेव समाज विकास परिषद के संभागीय अध्यक्ष राम बिहारी नामदेव द्वारा प्रांतीय मुख्य संरक्षक मुकेश नामदेव, प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव प्रांतीय महामंत्री सुभाष वर्मा की अनुशंसा पर अशोकनगर के प्रसिद्ध समाज सेवी रामकिशन नामदेव जगदंबा भोजनालय को नामदेव विकास परिषद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

इनके मनोनयन पर समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। इस दौरान राम किशन नामदेव ने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज के उत्थान एवं कुरीतियों को दूर करने, एवं समाज में एक जुटता लाने का का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान रविवार को समाज के लोगों द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प हार पहनकर उनका स्वागत किया गया एवं उन्हें बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। इस दौरान गजानंद नामदेव हेमराज नामदेव दामोदर नामदेव संतोष नामदेव पूर्व समाज अध्यक्ष राजू नामदेव, रामकुमार नामदेव मोहन नामदेव कैलाश नामदेव शील चंद्र नामदेव तुलाराम नामदेव रामवीर नामदेव हरिचरण नामदेव राजू कोहरवास नंदलाल नामदेव रामचरण नामदेव प्रेम नामदेव सोनू नामदेव अमन नामदेव सत्तू नामदेव मोंटी नामदेव राजीव नामदेव बॉबी नामदेव अशोक नामदेव नरेश नामदेव प्रदीप नामदेव नीलेश नामदेव योगेश, प्रशांत आदि रहे मौजूद।

50 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे

41 स्वर्ण सहित 115 पदक जितने वाले पदक वीरों का रोटरी क्लब ने किया भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



खेल राजधानी भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित 25वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब- जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वूशु प्रतियोगिता में अशोकनगर जिले ने इतिहास रच दिया। प्रदेश के 700 से अधिक खिलाड़ियों के बीच अशोकनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 41 स्वर्ण, 35 रजत और 39 कांस्य सहित कुल 115 पदक जीतकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर रोटरी क्लब अशोकनगर द्वारा विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष विजय चैधरी एवं वरिष्ठ रोटेरियन व समाजसेवी रोशन कोहली ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक) एवं सचिव मनोज गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्वर्णिम प्रदर्शन करने वाले चैंपियन-स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में तीर्थ जैन, गौरांश चैरसिया, गौरांग अग्रवाल, शिवार्थ धुरेंटे, राघव मिश्रा, समग्या दैलवार, शिवन्या चैरसिया, परी भट्ट, नमन जाट, जोविका जकेले, आदि रघुवंशी, सिद्धार्थ, अभजीत राय, नवीत जकेले, अनिका त्रिवेदी, अनुराग बरहा, तक्ष गुप्ता, पूजा नामदेव, आरती विश्वकर्मा, भावेश सेन, विराट नामदेव, समीर पाठक, अमृतपाल सिंह एवं योगराज सिंह शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में गुरजोत सिंह, चरण दीप सिंह, दिशार्थ धुरेंटे, अंशिका त्रिवेदी सहित 19 खिलाड़ियों ने तथा कांस्य पदक वर्ग में बघेल सिंह, सुशील राव जाधव, वंश रघुवंशी, प्रिंस पंथ सहित 10 खिलाड़ियों ने जिले का मान बढ़ाया।

इस सफलता के पीछे कोच राजकुमार खरे, राजदीप सिंह, मुस्ताक खान, रोहित रघुवंशी, आरती विश्वकर्मा, विनोद पाल एवं ब्रजेश धुरेंटे की कड़ी मेहनत रही, जिन्हें भी मंच पर सम्मानित किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की प्रखंड बैठक ईसागढ़ में संपन्न

ईसागढ। रविवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की प्रखंड बैठक हनुमान चैराहा स्थित चैखट मंदिर, ईसागढ़ पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला से पधारे दीपक सोनी (धर्म प्रसार प्रमुख) एवं फूल सिंह चैहान (वरिष्ठ पदाधिकारी)का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमें पूर्व जिला सुरक्षा प्रमुख मंगल सिंह जिला से जिला पूर्व प्रचार प्रचार प्रमुख बंटी शर्मा प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपाल यादव प्रखंड मंत्री नीरज जोशी प्रखंड संयोजक रामकृष्ण केवट प्रखंड उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण भार्गव अरुण ओझा भूपेंद्र शर्मा हितेंद्र यादव कृष्णभान यादव सचिन यादव सुनील कुशवाहा श्याम शर्मा बृज नारायण शर्मा परमल विश्वकर्मा माधे सिंह कुशवाहा जगदीश केवट एवं कार्यकर्ता उपस्थित राय जय श्री राम बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की गई।

1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर महासंघ जिले के वृद्धजनों का सम्मान करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा निवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को वेदान्त भवन अशोकनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा की गई, मुख्य अतिथि अशोक शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष रहे। बैठक का प्रारम्भ ओम उच्चारण के साथ प्रारंभ के साथ हुआ। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश बिरथरे ने उपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में धार्मिक त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही संघ की सदस्यता की तहसील स्तर पर समीक्षा कर सदस्यता बढ़ाने पर बल दिया। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सागर में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी के पारित निर्णय अनुसार आगामी योजनाओं की जानकारी दी गईं तथा 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बृद्ध जन दिवस पर बृद्ध सदस्यों को सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा जो सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया। 26 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित होने बाले आंदोलन में अधिक से अधिक सदस्यों द्वारा सहभागिता करने का आव्हान किया। अन्य सदस्य विशन स्वरूप पारासर, प्रहलाद श्रीवास्तव सम्भागीय महासचिव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। नवीन सदस्यों में सर्व ब्रजेश शर्मा,नरेश जैन, यशवंत सिंह कुशवाह, भास्कर नारायण शर्मा, रमेश त्यागी को संघ का अंग वस्त्र धारण कराया जाकर सम्मान पूर्वक विधिवत सदस्यता दिलाई गई। ततपश्चात दिवंगत महासंघ सदस्यों जगदीश प्रसाद शुक्ला,भैया लाल कलावत प्राचार्य राम निवास चतुर्वेदी, प्रेम नारायण सोनी व डॉ रामबीर सिंह रघुवंशी की धर्म पत्नी तारा बाई की आत्म शान्ति हेतु 2 मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गईं।

मंत्री टेटवाल के सहयोग से आईटीआई छात्र का ओमान में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आईटीआई सारंगपुर के छात्र दुर्गेश पिता राजेश कुमार चंद्रवंशी, निवासी ग्राम गुलावताका जिंदल स्टील, ओमान में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ है।, दुर्गेश वर्ष 2025 में प्राइवेट आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण पूर्ण किया था। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के सहयोग एवं मार्गदर्शन से दुर्गेश का भोपाल स्थित ग्लोबल स्किल पार्क में आगे के प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। यहां प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उसका जिंदल स्टील, ओमान में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। छात्र की इस उपलब्धि से परिवार और कैरियर प्राइवेट आईटीआई में खुशी का माहौल है। संस्था संचालकों ने छात्र को बधाई देते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सतीश बेस, भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मनोहर सिंह परमार, कैरियर पॉइंट संचालक प्रदीप यदुवंशी, प्रदीप चैहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अनिश्चितकालीन धरने में जिले के अनेक कर्मचारी हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अध्यापक संयुक्त मोर्चा के तहत रविवार से राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना आरंभ हुआ है। उक्त धरना प्रदर्शन में शामिल होने जिले के भी कईं अध्यापकों ने अपनी भागीदारी की। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि टीईटी परीक्षा निरस्त की जाए, इसके साथ ही ऑनलाईन अटेन्डेंस बंद करते हुए सेवाअवधि की गणना में वरिष्ठता बहाली की जाए। प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे मोर्चा पदाधिकारियों में भरत गोयल, प्रकाश शिवहरे, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, सुरेश दागी, कमल सिंह चैहान, एम एल मीणा,विजय सिंह रुहेला, दिनेश शाक्यवार, रामनारायण मालवीय, प्रेमचंद आचार्य, रजोरिया, रफीक खान, राजेश शर्मा, ज्ञान मरावी, राम बाबू भिलाला, गोकुल वर्मा, दुलीचंद भिलाला, पुरुषोत्तम वर्मा, राम सिंह वर्मा, रोड सिंह बंजारा, रामबाबू शर्मा सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

शिक्षकों व शिक्षा विभाग के लोकसेवकों के लिए आयोजित किया विशेष शिविर

समाधान शिविरः 9 हजारों शिक्षकों में से महज 54 ने रखी अपनी समस्याएं



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (म.प्र.)
क्रमांक/3825 /शिकायत/ 2026 राजगढ़, दिनांक : 25-09-2026

प्रति,
1. समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़।
2. समस्त प्राचार्य/संस्था प्रमुख, जिला राजगढ़।

विषय :- दिनांक 27.09.2026 को आयोजित समस्या समाधान शिविर में लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में।

संदर्भ :- संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल का पत्र क्रमांक/स्था.-1/राज/सहा.अधी./2026/1772, भोपाल दिनांक 24.09.2026

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के संबंध में जिले के समस्त लोकसेवकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.09.2026 को समस्या समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ में आयोजित होगा। संदर्भित पत्र में पेंशन, क्रमोन्नति/समायमान वेतनमान, अवकाश तथा विभागीय जांच/निलंबन से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

जिले के किसी भी लोकसेवक की कोई भी विभागीय समस्या लंबित है, तो वह अपनी समस्या के निराकरण हेतु शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आवेदन में अपनी समस्या का विस्तृत एवं स्पष्ट विवरण अंकित करें तथा समस्या से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करें।

यदि लोकसेवक द्वारा अपनी समस्या के संबंध में पूर्व में किसी भी कार्यालय अथवा किसी भी स्तर पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, तो पूर्व में दिए गए आवेदन की प्रति तथा उसकी पावती/प्राप्ति की प्रति भी अनिवार्य रूप से साथ लाएं, जिससे पूर्व में की गई कार्यवाही की स्थिति का परीक्षण किया जा सके।

समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्रमुख उक्त सूचना का अपने अधीनस्थ समस्त लोकसेवकों में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक संबंधित लोकसेवक को शिविर की जानकारी प्राप्त हो तथा लंबित समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

पृ. क्रमांक/3826 /शिकायत/ 2026 राजगढ़, दिनांक : 25-09-2026
प्रतिलिपि :- समस्त लोकसेवक, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला राजगढ़ को सूचनार्थ एवं दिनांक 27.09.2026 को आयोजित समस्या समाधान शिविर का लाभ लेते हुए अपनी लंबित समस्या/प्रकरण के निराकरण हेतु आवेदन एवं आवश्यक आपत्तियों सहित उपस्थित होने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़

निलंबन से बहाली, अवकाश नकदीकरण आदि से संबंधित आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करने के अक्सर सामने आए रहे मामलों के बीच एक अच्छी खबर भी सामने आई है। रविवार को जिला शिक्षाधिकारी द्वारा आयोजित करवाए गए समस्या समाधान के विशेष शिविर में जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ लगभग 9 हजार शिक्षकों में से सिर्फ 54 शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रखीं। जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने इन 54 में से 14 शिकायतों का शिविर के दौरान मौके पर ही निराकरण करवा दिया। अधिकतर शिकायतों में निलंबन से बहाली, अर्जित अवकाश नकदीकरण, टेजरी में अटके प्रकरणों, कोर्ट से रिलेटेड मामले शामिल थे।



बर्खास्त शिक्षिका को पुनः किया गया पदस्थ

शिविर के दौरान पीएमश्री स्कूल नरसिंहगढ़ में पदस्थ दृष्टि दिव्यांग शिक्षिका ने अपनी अर्जी लगाई। दरअसल, नियुक्ति के समय उनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 फीसदी था जो बाद में कम हो गया। इसके चलते डीपीआई द्वारा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। ऐसे में उन्होंने न्यायालय की शरण ली जहां से उन्हें राहत मिलने के बाद भी विभाग द्वारा उन्हें पदस्थ नहीं किया जा रहा था। उक्त समाधान शिविर में उनकी यह शिकायत प्राप्त होने पर जिला शिक्षाधिकारी श्री पाटीदार द्वारा नियमसंगत कार्यवाही करते हुए उन्हें पुनः पदस्थ आदेश प्रदान कर दिया गया।

कोषालय से बार-बार लगाई जा रही थी आपत्तियां

क्रमोन्नति से जुड़े लंबित भुगतान के एक अन्य मामले में कोषालय द्वारा संबंधित शिक्षक के देयकों पर बार-बार आपत्ति लगाकर भिजवाया जा रहा था। शिविर के दौरान आवेदन प्राप्त होने पर विभाग के अधिकारियों ने अनावश्यक आपत्ति को क्लोज करवाते हुए भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

डीपीआई एवं राशिके भिजवाए जा रहे प्रकरण

शिविर के दौरान ही निराकृत किए गए उक्त प्रकरणों के साथ ही अलग-अलग कारणों से हुए अपने निलंबन से पुनः बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने शिविर में अपनी अर्जियां लगाईं हैं जिन्हें जांच में लिया गया है। कुछ शिकायतों का निराकरण राजधानी भोपाल स्तर से संभव है ऐसे में उन्हें डीपीआई या राज्य शिक्षा केंद्र भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

अलग-अलग शाखाओं से जुड़े प्रकरण आए सामने

उक्त शिविर में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय की अलग-अलग शाखाओं से जुड़ी शिकायतें मिली हैं। स्थापना, लेखा, न्यायिक सहित अन्य तरह के मामले इस शिविर में प्राप्त हुए हैं। शिकायतों के निराकरण में डीईओ कार्यालय में पदस्थ प्रदीप चैहान, भूपेंद्र सांकला, अजय जोशी, रितेश सक्सेना, प्रदीप चैहान, राजेश विजयवर्गीय सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

शनिवार से लापता युवक का शव कालीसिंध नदी में मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

कालीसिंध नदी में रविवार सुबह करीब 9 बजे एक युवक का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नदी में शव दिखाई देने की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया।

पुलिस ने आसपास के रहवासियों से पूछताछ कर शव की पहचान के प्रयास किए। बाद में शव की पहचान जयनगर वार्ड 18 निवासी श्याम पिता भागीरथ (40) के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार श्याम शनिवार को कालीसिंध नदी पर नहाने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह नदी में शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। वार्ड पार्षद भानु लववंशी की मौजूदगी में परिजनों ने शव की पहचान श्याम के रूप में की। परिजनों के अनुसार श्याम कनक श्री होटल में वेटर का काम करता था। बताया गया कि वह पिछले दो दिनों से होटल भी नहीं गया था।

शनिवार को नदी पर जाने के बाद उसके वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे और उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने शव का मौका पंचनामा तैयार कर उसे कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी जांच की जा रही है।

20 लाख की अवैध मांग पूरी न होने पर आगजनी करने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ब्यावरा। नातरा व झगड़ा प्रथा के तहत 20 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर आगजनी कर नुकसान पहुंचाने वाले तीन आरोपियों को खिलचीपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन और एसडीओपी डी.वी.एस. नागर के नेतृत्व में की गई।मामले के अनुसार ग्राम चांदपुरा निवासी फरियादी रायसिंह गुर्जर ने 21 अगस्त 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम कचनारिया निवासी कमल सिंह, बलवंत और भगवानसिंह ने गांव के बलवंत से 20 लाख रुपये झगड़े की मांग की थी। यह मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने फरियादी के भूसे और ग्रामीण बनेसिंह के पिंडावड़े में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना और साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कचनारिया निवासी तीनों आरोपी भाइयोंकमल सिंह गुर्जर (26 वर्ष), बलवन्त गुर्जर (22 वर्ष) और भगवानसिंह गुर्जर (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट मिलने पर तीनों को जिला जेल राजगढ़ भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में खिलचीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलसिंह गेहलोत, उपनिरीक्षक सरिता मिश्रा, आरक्षक अनारसिंह धाकड़ और आरक्षक भानू प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



चोरी और गृह-अतिचार मामले में तीन दोषियों को सात-सात साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यवसायी पुरुषोत्तम दंडवानी और गोकुल दंडवानी के निवास पर हुई चोरी और गृह-अतिचार के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। मामले में पुलिस की त्वरित विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के बाद फैसला आया। जानकारी के अनुसार घटना थाना सारंगपुर क्षेत्र की है। रात के समय आरोपी दंडवानी के घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान घर के युवकों के साथ मारपीट भी हुई थी, जिसमें वे घायल हुए थे। प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर हुई वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलने पर तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने अपराध क्रमांक 763/25 दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और विवेचना के बाद न्यायालय में चालान पेश किया।



तीनों आरोपियों को हुई सजा

मामले में साहिल पिता समरथ मोंगिया, समरथ पिता मुकद्दर पारदी और मुकद्दर पिता अर्जुन पारदी, तीनों निवासी पारदी चक, ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा, जिला गुना को दोषी पाया गया। न्यायालयीन विचारण के दौरान भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 312 एवं 331(6) के तहत प्रकरण चला। धारा 312 बीएनएस के अपराध में दोष सिद्ध होने पर तीनों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्य अभियुक्त साहिल पर 6,500 रुपए तथा समरथ और मुकद्दर पर 5,500-5,500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बृज किशोर चैहान ने पैरवी की। अभियोजन ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, पुलिस विवेचना और जब्त सामग्री सहित अन्य साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

सहकार भारती का अभ्यास शिविर संपन्न

प्रदेश उपाध्यक्ष बोले, अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाएंगे सहकारिता का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के मार्केटिंग सोसायटी परिसर में रविवार को मध्यप्रदेश सहकार भारती का अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, सहकार भारती प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलछत्री, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष आशा सेंगर और जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि सहकार भारती के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनकल्याण का कार्य पहुंच रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए सेवा भाव से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सहकार भारती के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार ने कहा कि सहकार भारती अब ग्रामीण क्षेत्रों में उतरकर संगठन को और अधिक मजबूत करेगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सहकारिता से जोड़कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने अभ्यास शिविर के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और विस्तार की जानकारी भी दी।संचालन मोहित चैरसिया तथा आभार आयोजक एवं विपणन प्रकोष्ठ प्रांत प्रमुख सुरेश शर्मा ने माना। इस अवसर पर नर्मदापुरम के विभाग प्रमुख प्रत्यश इंगले सहित विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक, कर्मचारी एवं सहकार भारती के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ क्रमांक 295 पर विधायक मोहन शर्मा ने सुनी 'मन की बात'



कुरावर। रविवार को बूथ क्रमांक 295 पर विधायक मोहन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 138वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय और जनकल्याणकारी विषयों पर देशवासियों से संवाद किया। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता और गांधीजी के विचारों को स्मरण करने, जंगलों को तैयार करने एवं प्रकृति का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नशामुक्ति अभियान, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा पंजाब के राजेंद्र सिंह सहित खेल क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं का उल्लेख किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, व्यापारी राधेश्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यनारायण माहेश्वरी, गौरव सिंघी, विनोद गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

पीलूखेड़ी स्थित हम्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में खाद्य सुरक्षा की जांच कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. कुरावर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा संभागीय उड़न दस्ते के गठन संबंधी आदेश के पालन में संभागीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा कुरावर-पीलूखेड़ी स्थित हम्बल काउ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान के मैनेजर महेश लोधी की उपस्थिति में संपूर्ण निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दही, पनीर, मावा एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण, पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई। परिसर में उपयोग हेतु मैक्सी फ्रेश स्किम्ड मिल्क पाउडर की 25 किलोग्राम क्षमता वाली एक बोरी पाई गई। प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि द्वारा उक्त उत्पाद का बाजार मूल्य लगभग 7,500 रुपए प्रति बोरी बताया गया।



जांच के दौरान उक्त स्किम्ड मिल्क पाउडर की बोरी पर बैच नंबर, पैकिंग दिनांक, निर्माण इकाई का नाम-पता एवं अन्य आवश्यक लेबलिंग संबंधी विवरण अंकित नहीं पाए गए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मानकों की जांच हेतु संभागीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम द्वारा मैक्सी फ्रेश स्किम्ड मिल्क पाउडर की लगभग 23 किलोग्राम मात्रा, पनीर एवं मावा के नमूने नियमानुसार जांच हेतु लिए गए। लिए गए नमूनों को अधिकृत खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा तथा प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कोल्ड स्टोरेज में खाद्य पदार्थों का उचित संधारण पाया गया। परिसर में साफ-सफाई एवं पेस्ट कंट्रोल की व्यवस्था भी पाई गई। पैकिंग, भंडारण एवं विक्रय संबंधी गतिविधियां संचालित होना पाया गया।

31 शस्त्र लाइसेंसधारियों की छिन सकती हैं बंदूकें, दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। जिले में विद्युत विभाग के लंबित बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 31 शस्त्र लाइसेंसधारियों को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में हिदायत दी गई है कि यदि नोटिस मिलने के 3 दिवस में बिजली विभाग की बकाया राशि जमा नहीं की तो उनके लायसेंस रद्ध कर दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना पत्र में संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को अवगत कराया गया है कि विद्युत विभाग द्वारा उनके विद्युत देयकों के भुगतान नहीं किए जाने की जानकारी दी गई है। साथ ही, जिले में लंबित विद्युत देयकों की वसूली के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। वसूली के दौरान शस्त्रधारियों द्वारा लड़ाई-झगड़ा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किए गए हैं। जारी सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित शस्त्र लाइसेंसधारियों को निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर संबंधित विद्युत विभाग का बकाया देयक जमा कर उसकी रसीद प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में विद्युत देयक जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर शस्त्र थाने में जमा कराने की कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नृत्य करते गए

नन्हे बच्चों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर श्री गणेश प्रतिमा का श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया।पूरे मार्ग में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए भगवान श्री गणेश को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।विसर्जन स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की आरती की गई और नम आंखों से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहां पर नन्हे बच्चों में पूरब शर्मा,आरव गुप्ता,अनुराग सरावत ,अक्षय टेलर,सिद्धार्थ टेलर,वैदिक गुप्ता,प्रभव चैरसिया,कार्तिक मालवीय,नकुल गुप्ता ,यश गुप्ता,यश पुष्पद,पर्व शर्मा,बाबू,गणेश गुप्ता,कार्तिक गुप्ता,तनु गुप्ता,राधिका गुप्ता, परी शर्मा, शिवाय गुप्ता ,दर्शिका गुप्ता,पिहू गुप्ता आदि बच्चे उपस्थित रहे।

मेघवाल समाज ने निकाला अखाड़ा

श्री गणेश उत्सव समिति मेघवाल समाज गांधी बस्ती पीपल्दा रोड द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर श्री गणेश विसर्जन चल समारोह का जुलूस निकाला गया।जिसमें मेघवाल समाज अखाड़ा के कलाकारों द्वारा अनेकों हेरत अंगेज करतब दिखाए गए।मेघवाल समाज के नवयुवकों एवं वरिष्ठ जनों ने बड़ चढ़कर भाग लिया।

नगर के गुर्जर मोहल्ला में शिव महापुराण में शिव पार्वती विवाह कथा श्रवण करवाई



जीरापुर। नगर के गुर्जर मोहल्ला में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चैथे दिवस कथा प्रवक्ता मालवा माटी के संत पं. सज्जन जी शर्मा ने शिव पार्वती विवाह प्रसंग का बहुत ही मार्मिक एवं रोचक वर्णन सुनाया। शिवजी भोले है जो अपनी बारात को भी भोले भाले तरीके से ही श्रंगारित करके ले गए थे। कथा में सती चरित्र, पार्वती जन्म, उनकी कठोर तपस्या और सप्त ऋषियों द्वारा परीक्षा का प्रसंग सुनाया गया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म संस्कार और पारिवारिक जीवन की महत्वपूर्ण जानकारी दी।जैसे ही शिव-पार्वती विवाह का भव्य प्रसंग आया और शिव बारात निकली, पूरा पांडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने कहा - शिव वैराग्य के प्रतीक हैं तो पार्वती श्रद्धा की, श्रद्धा और विश्वास मिले तभी शिवत्व आता है।यजमानों द्वारा शिव-पार्वती का पुजन कर कन्यादान किया, इसके बाद महाआरती हुई। भगवान शिव के भजनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु जमकर थिरके।आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनवास। समीपस्थ गांव भंवास में रविवार सुबह करीब 6 बजे एक दुखद घटना सामने आई। भंवास निवासी ब्रजमोहन पिता सुंदरलाल लववंशी ने अपने घर पर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार सुबह घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर कार्रवाई की।थाना मालावर से दीपक व्यास द्वारा बताया गया कि मर्ग कायम कर लिया गया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

दुकान से 9 क्विंटल लहसुन चोरी

खुजनेर। शहर में शनिवार रविवार की मध्य रात्रि को पंचमुखी हनुमान मंदिर कोडिया जरगर स्थित एक फुटकर व्यापारी के यहां से लहसुन चोरी हो गई। दुकान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 9 क्विंटल लहसुन चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी दुकानदार को रविवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे जब पता चला। मामले में खुजनेर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस में दर्ज रिपोर्ट अनुसार मोहम्मद वारिस खां निवासी वार्ड क्रमांक 06, इस्लामपुरा द्वारा कोडिया जगर रोड स्थित रामप्रसाद वर्मा की दुकान, वार्ड क्रमांक 02 में लहसुन फुटकर खरीदने का कारोबार करते हैं। दुकान से 18 कट्टी लहसुन और 36 कैरेट लहसुन चोरी हो गया। जिसका कुल अनुमानित वजन करीब 9 क्विंटल बताया गया है।